# कार्यालय उपसंचालक,पशु चिकित्सा सेवायें, जिला–बालोद (छ.ग.)

फोन नं. 07749-223160, फैक्स नं.–07749.223160ए ई.मेलः ddvsbalo.cg@nic.in

क्रमांक/ 10 /DMF / स्थापना–अ/2026–27 बालोद, दिनाँक 01/04/2026

## ।। विज्ञापन ।।

छ0ग0, शासन मुख्य सचिव कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 2398/मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 05–05–2020 व छ0ग0 शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक 522/एफ 8–15/35/2020 अटल नगर रायपुर,दिनांक 26.05.2020 एवं संचालनायल पशु चिकित्सा सेवायें छ.ग. रायपुर इंद्रावती भवन ब्लाक–3 भूतल, अटल नगर, नवा रायपुर का पत्र क. 5407/DMF/2021–22/नवा रायपुर, दिनांक 17.08.2021 के अनुसार व नस्ती पृष्ठ क्रमांक 01 में माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा जिले में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की संविदा भर्ती हेतु जिला खनिज न्यास निधी से स्वीकृति प्रदान की गई है। संविदा पदों की भर्ती हेतु आवश्यक अर्हता रखने वाले एवं इच्छुक आवेदकों हेतु विज्ञापन तिथि अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके रिक्त पदों का विवरण विज्ञापन की तिथि निम्नानुसार हैः–

| S.No | Post | Total Post | ST | | | SC | | | OBC | | | UR | | | Salary | Education Qualification | Place and Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | | | |
| 1 | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | 06 | 02 | – | – | 01 | – | – | 01 | – | – | 02 | – | – | 18420/– | डिप्लोमा इन एनीमल हसबेण्डरी (डी.ए.एच.) 2 वर्षीय | कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बालोद (छ0ग0) आवेदन पंजीयन का समय प्रातः 10:30 बजे से |

**1. आवेदन पत्र के संबंध में :–**

1.1 आवेदक जिले के वेबसाइट www.balod.gov.in में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर भरकर आवेदन कर सकते है।

1.2 समाचार पत्र में प्रकाशित तिथि अनुसार कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला–बालोद (छ0ग0) में संविदा भर्ती हेतु पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
आवेदन करने की तिथि **06.04.2026** .समय 10:30 बजे से दिनांक **20.04.2026** तक शाम 5 बजे तक होगी।

1.3 विज्ञापन का प्रारूप/खारिज किए गए आवेदकों का पदानुसार विवरण/ दावा आपत्ति की सूचना आवेदन में छटनी किए गए अभ्यर्थियों की जानकारी समय–समय पर जिला के वेबसाइट www.balod.gov.in में उपलब्ध करायी जावेगी। इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने संबंधित आपत्ति स्वतः खारिज मानी जावेगी। इनका प्रकाशन कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बालोद (छ0ग0) में किया जावेगा। चयन के किसी भी स्तर पर या चयन प्रक्रिया के समय भी यदि आवेदक उपस्थित नहीं होता है, तो इसे उसके कार्य के प्रति अरूचि मानते हुए, उसे प्रक्रिया से बाहर माना जावेगा।

1.4 अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण तथा समय–सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जावेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

1.5 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह नस्तीबद्ध किया जावे तथा पृष्ठ क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र, 2. निवास प्रमाण पत्र, 3. जाति प्रमाण पत्र, 4. शैक्षणिक योग्यता, 5. अन्य प्रमाण पत्र)

1.6 अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं द्वारा सत्यापित कर चिपकाएं अन्यथा आवेदन अमान्य माना जावेगा।

2. **शैक्षणिक योग्यता :–**

2.1 **सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु** :– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से 10+2 बायोलॉजी विषय से उत्तीर्ण एवं वेटनरी पॉलीटेक्निक का 02 वर्षीय डिप्लोमा, डिप्लोमा इन एनीमल हसबेन्ड्री (डी.ए.एच.) ।

3. **आयु सीमा :–**

3.1 **सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु** :– 01 जनवरी 2026 को आयु न्युनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए, आयु की गणना 01 जनवरी 2026 के अनुसार की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

3.2 संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण एवं अन्य शर्तें छत्तीसगढ़ संविदा सिविल सेवायें 2012 के सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार लागू होंगे।

4. **चयन प्रक्रिया :–**

4.1 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तयों के आधार पर निम्न तालिका में दिए अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा।

| क्र. | पद का नाम | कुल पद | अनु.जन.जाति | | | अनु.जाति | | | अ.पि.वर्ग | | | अनारक्षित | | | एकमुस्त संविदा वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | |
| 01 | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | 06 | 02 | – | – | 01 | – | – | 01 | – | – | 02 | – | – | 18420/– |

4.2 अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनायी जावेगीः–

**उक्त ज्ञापित पद हेतु**
**शैक्षणिक योग्यता 02 वर्षीय डिप्लोमा, डिप्लोमा इन एनीमल हसबेन्ड्री (डी.ए.एच.) में प्राप्तांकों का प्रतिशत 100 प्रतिशत अंक**
**शैक्षणिक योग्यता के योग के आधार पर प्रावीण्य सूची का प्रकाशन किया जावेगा।**

4.3 उपरोक्त संविदा नियुक्तियां केवल बालोद जिले के निवासियों के लिए आरक्षित है।

4.4 निर्धारित शुल्क अनुसार डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा, डी.डी.ड्राफ्ट उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला–बालोद के नाम से होना चाहिए।

| वर्ग | डी.डी. की राशि |
|---|---|
| निःशक्तजन/अ.जा./अ.ज.जा./महिलाएं समस्त वर्ग | 200/– रू. |
| ओ.बी.सी. पुरूष | 300/– रू. |
| अनारक्षित पुरूष | 400/– रू. |

Scanned with OKEN Scanner

**भर्ती के संबंध में महत्वपूर्ण शर्ते एवं दिशा निर्देशः–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। जिसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. संविदा मानदेयः– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
3. उपरोक्त संविदा अवधि नियुक्ति आदेशदिनांक से 01 वर्ष के लिए होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त कार्य अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किए जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जावेगा।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. उक्त संविदा पद हस्तानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। दिये गए निर्धारित तिथि/समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जाएगी।
7. संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
8. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा अंतिम रूप से नियुक्ति रिक्त विज्ञापित पदों की वास्तविक उपलब्धता पर निर्भर करेंगी।
9. चयनित अभ्यर्थी को कार्य पर उपस्थित होने हेतु 11दिवस का अवसर दिया जावेगा।
10. उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैद्यता विज्ञापन जारी दिनांक से 01 वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती जारी विज्ञापन होने तक वैद्य रहेगा। इस समय अवधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र/किसी भी कारण से निरस्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
11. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से दबाव डलवाया जाता है। या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
12. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर महोदय को होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
13. उक्त नियुक्ति का प्रशासकीय नियंत्रण जिला स्तर पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला–बालोद (छ0ग0) के नियंत्रण में रहेगा।
14. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा/अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
15. कार्यभार ग्रहण करते समय चयनित अभ्यर्थी को नियंत्रणकर्ता के साथ अनुबंध करना होगा तथा स्वयं का जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. पुलिस वेरिफिकेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तदपश्चात कार्यभार ग्रहण कराया जावेगा।
17. उपरोक्त संविदा नियुक्तियां केवल बालोद जिले के निवासियों के लिए आरक्षित है।
18. चयन उपरांत यदि कोई दी गई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
19. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का माध्यम डाक द्वारा/स्वयं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें बालोद कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत करना मान्य होगा।

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें
जिला–बालोद (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन क्र0 व दिनाँक ------------

आवेदित पद का नाम **सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (संविदा)**

| स्वयं द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो |
|---|

प्रति,

उपसंचालक,
पशु चिकित्सा सेवायें
जिला बालोद (छ0ग0)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :------------------------------------
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :------------------------------------
2. पिता/पति का नाम :------------------------------------
3. माता का नाम :------------------------------------
4. अ) जन्मतिथि (अंकों में) :------------------------------------
   ब) आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में :वर्ष ------- माह------- दिन -------
5. जाति (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.) :------------------------------------
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :------------------------------------
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. क्या आप विकलांग श्रेणी के है। :------------------------------------
   विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :------------------------------------
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. भूतपूर्व सैनिक हां/नहीं :------------------------------------
9. स्थानीय निवास का पता :------------------------------------
   :------------------------------------
   :------------------------------------
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :------------------------------------
    :------------------------------------
    :------------------------------------

मोबाईल नं. ----------------------------

ई–मेल आईडी ----------------------------

11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत् है। हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
12. वांछित शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र :------------------------------------

Scanned with OKEN Scanner

13. **शैक्षणिक योग्यता : (विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)**

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | शैक्षणिक उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**(विज्ञापन में चाही गई शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक/प्राप्तांक व प्रतिशत आवेदन में स्पष्ट रूप में अंकित एवं सही होना चाहिए अन्यथा आवेदन अमान्य माना जायेगा )**

14. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :–

1. दसवीं/बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र :————————————
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का ) :————————————
3. जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु) :————————————
4. मूल निवास प्रमाण पत्र :————————————
5. निःशक्तता प्रमाण पत्र :————————————
6. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति डी.डी.क्रमांक डी.डी.जारी दिनांक :————————————
7. मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र :————————————
8. अन्य दस्तावेज :————————————

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ————————————

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान————————

दिनांक————————

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम————————

Scanned with OKEN Scanner